दिन– सोमवार दिनांक– 14 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के कारण रक्त का थक्का जमने जैसे दुष्प्रभाव का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को खारिज किया। कहा–याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी।

02. बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने सभी जिलों को पैक्स चुनाव से संबंधित मतदाता सूची का पच्चीस अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से अंतिम प्रकाशन करने का निर्देश दिया।

03. भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव आजसू के अलावा जदयू और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के साथ मिलकर लड़ेगी।

04. और, रेलवे ने दीपावली और छठ को लेकर पटना और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत तथा तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया।

---

सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के कारण रक्त का थक्का जमने जैसे दुष्प्रभाव का आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिका खारिज कर दी है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि यह याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी।

---

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने सभी जिलों को पैक्स चुनाव से संबंधित मतदाता सूची का पच्चीस अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से अंतिम प्रकाशन करने का निर्देश दिया है। साथ ही प्राधिकार ने बाईस अक्टूबर तक मतदाता सूची संबंधी आपत्तियों को भी निपटाने के निर्देश दिये हैं।

---

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि भारत एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना विकसित कर चुका है। इस अवसंरचना ने

उच्च गुणवत्ता के डिजिटल वित्तीय उत्पादों के विकास में सुविधा प्रदान की है। श्री दास आज नई दिल्ली में आरबीआई एट 90, उच्चस्तरीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश अब विश्व के तीसरे महत्वपूर्ण जीवंत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र का केंद्र बन चुका है। यहां एक लाख चालीस हजार से अधिक स्टार्टअप और एक सौ से अधिक यूनिकॉर्न हैं। डिजिटल मुद्रा के प्रयोग पर रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा– सीबीडीसी सीमापार निर्बाध भुगतान करने की संभावना रखती है।

———————————————————————

उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि पिछले दस वर्ष में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा लगभग सात सौ बत्तीस उत्पादों के लिए एक सौ पचास से अधिक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किए गए हैं। नई दिल्ली में विश्व मानक दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानकों के कार्यान्वयन को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। श्री जोशी ने उपभोक्ताओं से बीआईएस मार्क वाले उत्पादों का उपयोग करने का आग्रह किया।

———प्रह्लाद जोशी—17 सें——

हाईएस्ट स्टेंडर्डस हमने किया है 174 तक पीसीयू है अभी हमारा और भारत में जो कन्ज़्यूमर्स है वो कन्ज़्यूमर्स पे बीआईएस मार्क के प्रोडक्ट को ही परचेज़ करना ऐसे ही एक बहुत बड़ा अवेअरनेस क्रिएट करने का हमने ऐलान किया है और यह हमारा उद्देश्य है।

———————————————————————

दीपावली और छठ को लेकर रेलवे ने पटना और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत स्पेशल और तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। वंदे भारत स्पेशल ट्रेन का परिचालन तीस अक्टूबर, एक नवंबर, तीन नवंबर और छह नवंबर को नई दिल्ली से होगा। वहीं, वापसी में यह ट्रेन इकतीस अक्टूबर, दो नवंबर, चार नवंबर और सात नवंबर को नई दिल्ली के लिए रवाना होगी। तेजस स्पेशल ट्रेन का परिचालन दिल्ली से इकतीस अक्टूबर, दो नवंबर तथा पाँच नवंबर को किया जायेगा। वापसी में यह ट्रेन पटना से तीस अक्टूबर, एक नवंबर, तीन नवंबर और छह नवंबर को दिल्ली के लिए रवाना होगी। इसके अलावा एक अन्य ट्रेन का परिचालन भी दिल्ली से पटना के बीच होगा। साथ ही नई दिल्ली से बरौनी और नई दिल्ली से जयनगर के बीच भी पूजा स्पेशल रेलगाड़ियाँ चलाई जाएगी।

————————————————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल अंतर्गत दरभंगा बाइपास नई रेल लाईन के काकर घाटी से शीशो स्टेशन की बीच नवनिर्मित रेल लाइन पर मालगाड़ी का परिचालन शुरू हो गया है। रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि दरभंगा बाईपास लाईन तैयार होने से अब ट्रेन सरायगढ़ से निर्मली–झंझारपुर से सीधे बाईपास होते हुए रक्सौल, जयनगर, और सीतामढ़ी तक जायेगी। इससे कोसी से दरभंगा और मधुबनी के बीच की दूरी काफी घट जाएगी। अभी इस रेल लाईन पर केवल मालगाड़ी का परिचालन होगा।

————————————————————————————————

आपदा प्रबंधन विभाग ने बाढ़ से हुई क्षति की सभी विभागों से रिपोर्ट मंगाई है। विभाग द्वारा समेकित रूप से नुकसान की रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इस रिपोर्ट को केंद्रीय टीम के समक्ष रखा जाएगा। बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने जल्द ही केंद्रीय टीम बिहार के दौरे पर आने वाली है।

————————————————————————————————

औरंगाबाद जिले के नवीनगर स्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी की थर्मल पावर परियोजना को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त रखने के लिए अत्याधुनिक प्रदूषण नियंत्रण संयंत्र की स्थापना की जायेगी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बी.जे.सी. शास्त्री ने बताया कि इस संयंत्र की स्थापना पर सात सौ करोड़ रूपये की लागत आयेगी। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र का काम वर्ष दो हजार छब्बीस तक पूरा कर लिया जायेगा। संयंत्र की स्थापना के बाद यह परियोजना निन्यानवे प्रतिशत से अधिक प्रदूषण मुक्त हो जायेगी।

————————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान अड़तीस नये मामलों की पुष्टि हुई है। राजधानी पटना से चौबीस मामले मिले हैं। वहीं, बेगूसराय, गया, मधुबनी, नवादा, सारण, वैशाली, पश्चिम चंपारण और

नालंदा जिले से भी डेंगू के मामले मिले हैं। दिल्ली के वरिष्ठ चिकित्सक नीरज निश्चल ने डेंगू के लक्षणों के बारे में जानकारी दी।

———निरज निश्चल—41 सें———

——————————————————————————

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर चल रहे उस दावे को खारिज किया है जिसमें कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री फ्री मोबाइल योजना के तहत सरकार सभी लोगों को मुफ्त मोबाइल प्रदान करेगी। पत्र सूचना कार्यालय की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि सरकार ऐसी कोई योजना नहीं चला रही है। साथ ही पीआईबी ने उस खबर का भी खंडन किया है जिसमें फ्री लैपटॉप योजना के तहत छात्रों को केन्द्र द्वारा निःशुल्क लैपटॉप देने का दावा किया जा रहा है।

——————————————————————————

भाजपा ने कहा है कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को फार्मूला लगभग तय हो गया है। पार्टी के सह प्रभारी हेमंत बिसवा सरमा ने राँची में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि कहा कि भाजपा का आजसू पार्टी और जदयू के साथ सीटों के तालमेल को लेकर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच गया है। श्री सरमा ने कहा कि चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के साथ भी बातचीत जारी है।

———हेमंत विसवा सरमा———

——————————————————————————

महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, दो हजार चौबीस का आयोजन राजगीर स्थित हॉकी स्टेडियम में होगा। हॉकी इंडिया और बिहार सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता ग्यारह नवम्बर से शुरू होकर बीस नवम्बर तक चलेगी। मौजूदा चैंपियन भारत के अलावा इस स्पर्धा में ओलंपिक की रजत पदक विजेता टीम चीन के साथ ही जापान, कोरिया, मलेशिया और थाईलैंड की टीमों के भाग लेने की संभावना है। इधर, आज से महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर ट्रॉफी गौरव

यात्रा शुरु हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में इस यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा दस नवम्बर तक बिहार के सभी जिलों के साथ ही पंजाब, हरियाणा, ओडिशा और झारखंड से गुजरेगी। इस यात्रा के माध्यम से हॉकी के प्रति जन–जागरुकता बढ़ाई जायेगी।

———————————————————————

राज्य के सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को प्रत्येक वर्ष दो बार आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिसंबर में शिक्षकों के स्थानांतरण और पदस्थापन के बाद उन्हें आवासीय प्रशिक्षण दिलाने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डा. एस. सिद्धार्थ ने बताया कि स्कूली शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था शुरू की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिलों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। अगले वर्ष जनवरी महीने से प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो जाएगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अगले वर्ष होने वाली मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। छात्र अब विलंब शुल्क के साथ इक्कीस अक्टूबर तक फॉर्म भर सकते हैं।

———————————————————————

सारण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत घाघरा नदी के रामघाट मंदिर पर गंगा नदी तंत्र में पुनर्स्थापना कार्यक्रम के तहत मत्स्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के माध्यम से मछुआरों को जल संसाधन के समुचित उपयोग और नदियों में हो रहे प्रदूषण के प्रति जागरूक किया गया।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की

संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार पछुआ हवा का प्रभाव बढ़ने के साथ ही अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतीस दशमलव पाँच डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बेगूसराय राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

————————————————————————

लखीसराय जिले में मेदनी चौकी क्षेत्र अंतर्गत हैवतगंज में अपराधियों ने एक शिक्षक की गोली मारकर हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

————————————————————————

पटना के दानापुर से एसटीएफ की टीम ने कुख्यात अपराधी मुकेश को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर जिले के अलग–अलग थाने में हत्या के पांच समेत दर्जनों मामले दर्ज हैं।

————————————————————————

नेपाल के चितवन से भटक कर आए हाथियों के एक झुंड ने पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मिकीनगर से सटे बिसहा गांव में कई एकड़ खेतों में लगी धान और केले की फसल को नष्ट कर दिया। वनकर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से हाथियों के झुंड को भगाया गया।

————————————————————————

पटना के दानापुर छावनी क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में एक बच्ची की मौत हो गयी, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————————————————————

कैमूर जिले के चाँद अंचल में एक राजस्व कर्मचारी के साथ मार–पीट की घटना से आक्रोशित सभी राजस्व कर्मचारी एक सप्ताह की हड़ताल पर चले गए है।

———————————————————————

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र में एक नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से दो सगे भाईयों की मौत हो गई।

———————————————————————

पटना के दानापुर में एक युवक की पीट–पीट कर हत्या से आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान आरोपी के घर में आग लगाने की भी कोशिश की गई। पुलिस ने हत्या के मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

———————————————————————

01. सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना वैक्सीन के कारण रक्त का थक्का जमने जैसे दुष्प्रभाव का आरोप लगाने वाली जनहित याचिका को खारिज किया। कहा–याचिका सिर्फ सनसनी पैदा करने के लिए दायर की गई थी।

02. बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने सभी जिलों को पैक्स चुनाव से संबंधित मतदाता सूची का पच्चीस अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से अंतिम प्रकाशन करने का निर्देश दिया।

03. भाजपा झारखंड विधानसभा चुनाव आजसू के अलावा जदयू और लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के साथ मिलकर लड़ेगी।

04. और, रेलवे ने दीपावली और छठ को लेकर पटना और नई दिल्ली के बीच वंदे भारत तथा तेजस स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया।

———————————————————————

समाप्त